Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide fertilizer subsidy to tribal residing in backward areas of Banswara Parliamentary Constituency of Gujarat who have no Aadhaar Card.

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा): माननीय उपाध्यक्ष महोदय, मैं माननीय रसायन एंव उर्वरक मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा डूंगरपुर, राजस्थान में जनजातीय व अति पिछड़े क्षेत्रों में जहां पर लोग अभी भी आधार से वंचित है, वहां पर लाभार्थियों तक सब्सिडी पहुंचाने के लिए क्या माध्यम है? मैं इससे संबंधित विषय की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

कुछ समय पहले तक जरूरतमंदों को उर्वरक समय पर नहीं मिलता था, जिसके कारण उनको मजबूरन बिचौलियों से तय मूल्य से अधिक दर पर उर्वरक खरीदना पड़ता था। यह भ्रष्टाचार के साथ एक तरह से देश की अर्थव्यवस्था पर डाका है, लेकिन सरकार ने आधार सक्षम उर्वरक वितरण प्रणाली के जरिए इस पर काफी हद तक रोक लगाई है और बिचौलियों की भूमिका समाप्त की है। रसोई गैस इसका सबसे सफल उदाहरण है। इसका एक मात्र उद्देश्य आम लोगों व गरीबों तक कल्याण योजनाओं का लाभ पहुंचाना है और इसमें कोई छिपी हुई मंशा नहीं है। लाभार्थियों की संख्या लाखों में होने के कारण दो मुख्य चुनौतियां हमारे सामने हैं – दोहराव और छलावे को हटाना और लाभार्थी तक बिना किसी परेशानी के हस्तांतरण को पहुंचाना। देश में आधार के सिवा और कोई पहचान प्रणाली नहीं है, जो विशिष्टता को सुनिश्चित कर सके। इन चुनौतियों का समाधान कर सकने वाली प्रणाली एक मात्र पहचान आधार है।

मेरा सदन के माध्यम से माननीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे लोक सभा संसदीय क्षेत्र बांसवाड़ा डूंगरपुर (राजस्थान) के जनजातीय व

अति पिछड़े क्षेत्रों में जहां पर लोग अभी भी आधार से वंचित है, वहां लाभार्थियों तक सब्सिडी पहुंचाने के लिए क्या माध्यम है? धन्यवाद।

HON. DEPUTY-SPEAKER:

Dr. Kulmani Samal,

Kunwar Pushpendra Singh Chandel and

Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Manshankar Ninama.